सार-समाचार

कैंडल मार्च निकाला

चिड़ावा, (निसं)। सेही कलां बालाजी मंदिर पर बहन मनीषा को न्याय दिलाने के लिए युवाओं ने प्रदर्शन किया और सरकार से न्याय की मांग की। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए। भाजपा नेता सुरेश भूकर के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। इस मौके पर भूकर ने कहा कि आए दिन देश में बहन बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। बलात्कार कर हत्या कर देना अपराधियों के लिए आम बात सी हो गई है। कानून से भय खत्म हो रहा है। ये हत्याकांड दिल्ली में हुए 2012 के निर्भया हत्याकांड जैसी घृणितता के की मंशा से किया गया है। सरकार से निवेदन है बहन मनीषा को न्याय मिले और निष्पक्षता से इस हत्याकांड की पूरी जांच हो, सरकार को ये केस सीबीआई को सौंपना चाहिए। कैंडल मार्च में सांवरमल नायक, दीपचंद नायक, कर्मवीर गोस्वामी, राकेश पूनियां, मुरारी नायक, चंदगीराम, जीतू नायक, विजय, प्रदीप, हेमंत नायक, नवीन नायक, कमल नायक, विकास नायक, पीयूष महला, रोहित नायक, दीपेश नायक, मनोज नायक, मुकेश नायक, बंटी नायक, विष्णु नायक, सिकंदर, अर्जुन नायक एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

झूलन महोत्सव आज से

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। यहां रामलीला मैदान के पास माहेश्वरी पंचायत भवन में श्री काबरा शक्ति धाम सेवा समिति लक्ष्मनगढ-सूरत की ओर से आयोजित तीन दिवसीय चंद्रावल सती दादी जी झूलन महोत्सव 20 अगस्त बुधवार से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए समिति के अंकित काबरा ने बताया कि 20 अगस्त को दोपहर 2बजे से सुंदरकांड पाठ शुरू होगा। जबकि शाम को रघुनाथ जी के बड़ा मंदिर में काबरा परिवार की ओर से मलूक व रैवासा पीठाधीश्वर अनंत विभूषित राजेंद्र दास महाराज का अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया 21 अगस्त को प्रातः 10 बजे नवलगढ़ सती दादी मंदिर में पूजा-अर्चना होगी जबकि शाम 4 बजे मंगल पाठ व हवन का आयोजन होगा। इसी दिन रात्रि 9 बजे से रुकनसर आश्रम के महंत कैलाश नाथ महाराज के सान्निध्य में विशाल जागरण का आयोजन होगा ।जिसमें युवा संत गुलाब नाथ महाराज ,चुवास आश्रम फतेहपुर के पीठाधीश्वर निश्चलनाथ महाराज व बिदावत जी का मंदिर के महंत दिलीप दास महाराज सहित स्थानीय कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

गणेश जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

बीदासर (निसं)। श्री शिवम सुंदरकांड सेवा समिति एवं समस्त नगरवासियों के तत्वाधान में कस्बे के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 21 अगस्त से 26 अगस्त तक सात दिवसीय गणेश जन्मोत्सव होने वाले विशाल धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के कार्यकर्ता जोर शोर से जुटे है। समिति के अध्यक्ष दीपक सांखला ने बताया कि गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में होने वाली शिव महा पुराण कथा को लेकर कथा के शुभारंभ से पूर्व 21 अगस्त को बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे व मनमोहक झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी। 21 से 26 अगस्त तक शिव महा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कथा का वाचन धन्वतंरी दास महाराज करेंगे। नित्य महा आरती प्रातः 7.30 बजे व रात्रि में 8 बजे, 27 अगस्त को गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रातः विशाल भंडारा, भगवान गणेश के 1100 लड्डुओ से भोग, दोपहर में 1.30 बजे गणेश दुग्धाभिषेक, शाम 5.15 बजे धूम धाम से गणेश जन्मोत्सव व रात्रि में महाजागरण का आयोजन किया जाएगा।

जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव माह अगस्त 2025 के तहत जिले में वार्ड संख्या 06, पंचायत समिति फतेहपुर में सविरोध निर्वाचन 21 अगस्त 2025 को होगा। निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्बाध रूप से निर्वाचन संचालन के लिए जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। मतदान दिवस को संबंधित क्षेत्र में भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तुरन्त जिला कलेक्टर को अवगत करवायें। आदेशानुसार भारती फूलफकर उपखण्ड अधिकारी रामगढ़ शेखावाटी को वार्ड संख्यांक 06 पंचायत समिति फतेहपुर के लिए राजस्व ग्राम हुडेरा तथा भोजदेसर, हितेश चौधरी तहसीलदार फतेहपुर को वार्ड संख्यांक 06 पंचायत समिति फतेहपुर के लिए राजस्व ग्राम नारी तथा बारी में जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

स्वच्छता मिशन की बैठक 22 को

सीकर (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 तथा जल जीवन मिशन के सफल कियान्वयन के लिए गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 22 अगस्त 2025 शुकवार को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

'केन्द्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है'

■ जिला मुख्यालय के रामसरा के पास कामकाजी महिला छात्रावास का शिलान्यास हुआ

चूरू (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को जिला मुख्यालय पर रामसरा रोड स्थित पार्थ सिटी के पास कामकाजी महिला निवास योजना के तहत कामकाजी महिला छात्रावास का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, भामाशाह हनीफ खां नसवाण सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राठौड़ ने कहा कि वर्तमान युग महिलाओं का है। महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी है। इससे सामाजिक उन्नयन के नए आयाम स्थापित हुए हैं। पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सेना की जांबाज महिला अधिकारियों ने पराक्रम और साहस का परिचय दिया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ सामाजिक उन्नयन के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों पर काम कर रही है। यह छात्रावास महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार की बजट घोषणा के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए जिला मुख्यालय पर महिलाओं के रहने के लिए भवन का निर्माण किया जा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार ने बेटियों व महिलाओं को प्राथमिकता से आगे लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस दिशा में प्रदेश सरकार के महिला हितैषी निर्णय से इस छात्रावास का निर्माण अंचल के लिए सौगात लेकर आयेगा। अतिथियों ने छात्रावास के लिये 2000 वर्ग गज भूमि दान देने वाले भामाशाह हनीफ खां नसवाण का सम्मान किया तथा जनकल्याणकारी कार्यों में सहभागिता के लिए हनीफ खां नसवाण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर भामाशाह हनीफ खां नसवाण ने अल्पसंख्यक बालक छात्रावास के लिये वाटर-कूलर व आरओ लगाने की घोषणा की। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड ने योजना की जानकारी दी तथा अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, विक्रम सिंह कोटवाद, दीनदयाल सैनी, हनीफ खान नसवाण, इलियास खान नसवाण, कमल रामसरा, रामनिवास भुंवाल, दिनेश रैवाड सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

कुरैशी महासभा ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। कुरैशी महासभा राजस्थान ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर खेतड़ी उपखंड के बबाई गांव में 16 अगस्त को प्रतिभाशाली छात्रा छत पर कपड़े सुखाते वक्त 33 केवी विद्युत लाइन की चपेट आने से छात्रा मुस्कान कुरैशी की असामयिक मृत्यु हो गई थी। मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। महासभा ने पीडित परिवार को तत्काल मुआवजा प्रदान करने और गांव से 33 केवी बिजली लाइन को जल्द से जल्द शिफ्ट करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बबाई गांव में 33 केवी बिजली लाइन के कारण हुए हादसे में छात्रा मुस्कान कुरैशी की जान चली गई। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में आक्रोश पैदा किया है और कुरैशी महासभा ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। महासभा ने मृतक के परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बिजली लाइन को गांव से हटाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुरैशी महासभा के जिला झुंझुनूं मंडल प्रभारी हाजी सफी नागौरी, प्रदेश महासचिव उमर कुरैशी, प्रदेश सहसचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी, संस्था सदस्य, रफीक खोखर, शाहिन कुरैशी, इदरीश बड़गुर्जर, मुफ्ती इमरान कासमी, अब्दुल्ला सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर से इस मामले को गंभीरता से लेने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की अपील की।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

बीदासर (निसं)। कस्बे के जाने माने भामाशाह एवं समाजसेवी व जीपीटी ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी द्वारका प्रसाद टांटिया का कोलकाता में निधन के उपरांत सोमवार देर शाम को सर्व समाज की और से टांटिया धर्मशाला में श्रदांजलि सभा का आयोजन रखा गया। जहां भामाशाह टांटिया के चित्र के समक्ष सर्व समाज के सैंकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि दी। श्रदांजलि सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मेघराज सांखला ने कहां टांटिया ने अंतिम समय तक कस्बे में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, परोपकार व धार्मिक दृष्टि से प्रस्तावित अयोध्या की तर्ज पर प्रभू श्रीराम का मंदिर बनाने की घोषणा सहित अनेकों जनहित, लोकहित व लोक कल्याण के लिए काम किए। उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

गाजे बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में पैदल यात्रियों का संघ रामदेवरा के लिए रवाना

■ पैदल यात्रियों का स्वागत किया गया

बीदासर (निसं)। कस्बे के गणगौरी चैक स्थित मुख्य बाबा रामदेव मंदिर से मंगलवार को रामदेवरा के लिये सैकड़ों की संख्या में पैदल यात्रियों का जत्था रवाना हुआ।

बाबा रूणेचा पैदल यात्री संघ के तत्वाधान में 200 पैदल यात्रियों का संघ मंदिर प्रांगण में बाबा की महा ज्योत व आरती कर दरबार में धोक लगाकर संघ के संरक्षक जेठाराम यादव व अध्यक्ष राज कुमार बलिहारा के नेतृत्व में रवाना हुआ।

संघ को गणगौरी चैक से संघ के गोपालपुरा के संत महावीर दास, समाजसेवी गिरधारी लाल मेहला, पालिका में प्रतिपक्ष के नेता गोपाल गुर्जर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड ने रवाना किया।

पैदल यात्रियों का जुलूस गाजे बाजे के साथ बाबा के जयकारे लगाते हुये कस्बे के प्रमुख मार्गो से निकला तो नागरिको ने पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पैदल यात्रियों के जुलूस में बाबा रामदेव की आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

जुलूस बाबा रामदेव मंदिर से मण्डी बाजार, पुराना व नया बस स्टैंड रोड होते हुए रूणेचा के लिये रवाना हो गया। पैदल यात्रियों का जत्था 28 अगस्त 2025 को रूणेचा पहुंचकर बाबा के दरबार में धोक लगायेंगे।

वही दड़ीबा के सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय स्थित रामदेव मंदिर से रूणेचा पैदल यात्री रामा संघ मंगलवार को मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ संघ के अध्यक्ष मनोज सिंगाठिया, तीसरा गोपाला संघ संघ के अध्यक्ष हरीराम मारोठिया के सानिध्य में, चैथा आपणों प्रेम संघ बाबा रामदेव के मुख्य मंदिर से संघ के अध्यक्ष टीकमचंद शर्मा के सानिध्य में और पांचवा संघ आपणों संघ बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वाधान में संघ के अध्यक्ष कन्हैया लाल दर्जी के सानिध्य में सैकडों पद यात्रियों का जत्था जुलूस के साथ रूणेचा के लिए रवाना हुआ।

सार-समाचार

एस.डी.एम. को ज्ञापन दिया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। रेसला के ब्लॉक अध्यक्ष विजय बगडिया ने बताया कि वरिष्ठ व्याख्याता पद को डाइंग करने, नवसृजित उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद सृजित करने, उप प्राचार्य की सत्र 2023-24 एवं 2024-25 की बकाया डीपीसी, प्राचार्य पद की 2023-24, 2024-25 की काउंसलिंग शीघ्र करने, प्राचार्य 2025-26 की डीपीसी शीघ्र करने, सत्र 2023- 24, 2024- 25, 2025-26 की बकाया व्याख्याता डीपीसी, एसबीसी शून्य मेरिट व्याख्याताओ का शीघ्र स्थायीकरण किये जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन में माध्यम से अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष रेसला सीकर सुभाष महला के नेतृत्व में दिये गए ज्ञापन के दौरान नरेन्द्र भास्कर , रवि मुद्गल, राजकुमार शर्मा, रामनिवास चेजारा, बाबूलाल वर्मा, दिलीप सैनी , प्रमोद सैनी सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजयुमो पदाधिकारियों की बैठक हुई

सीकर, (निसं)। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कार्यकर्ताओं से चर्चा। उन्होंने आगामी पंचायती राज एवं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए पदाधिकारी से कहा कि युवा मोर्चा की टीम का गठन प्रत्येक बूथ लेवल तक करना है। कहा कि भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों तक भी पहुंचाया जाए। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने पदाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक विस्तार करें। कहा कि मंडल व बूथ स्तर पर संगठनात्मक विस्तार कर संगठन के कार्यों को गति प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश रोलन, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बरसी पर दो दिवसीय कार्यक्रम 24 से

सीकर (निसं)। यहां रामलीला मैदान के पास स्थित श्री गुलाबदासजी के अखाड़े में स्वामी चेतनदास महाराज की 48 वीं व स्वामी कानदासजी महाराज की तेरहवीं बरसी आगामी 24 व 25 अगस्त को परम्परागत ढंग से श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए अखाडे के पीठाधीश्वर मोहनदासजी महाराज ने बताया कि 24 अगस्त की रात सवा नौ बजे से से प्रसाद होगा एवं सवा दस बजे से जागरण प्रारम्भ होगा जिसमें स्थानीय व बाहर से आये भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। अगले दिन 25 अगस्त को दोपहर सवा 12 बजे समाधि पूजन के बाद महा प्रसाद भंडारा होगा। गणेशदासजी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख साधु-संतों का भी आगमन होगा। अखाड़े में इस आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही है। दो दिवसीय आयोजन में पंजाब, हरियाणा, असम, हैदराबाद से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

स्कूल में एलईडी,12 कैमरे एवं वाटर कूलर भेंट

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजकीय उमा विद्यालय चारणा की नाऊ में प्रधानाचार्य नेमीचंद तंवर की अध्यक्षता व उपसरपंच राकेश कुमार नेहरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में शैक्षिक नवाचार, सुरक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 32 इंच की एलईडी गोवर्धन मघाराम बसेर,12 कैमरे सांवरमल बसेर तथा वाटर कूलर सैट मेघवाल समाज नवयुवक मंडल द्वारा भेंट किया गया। कार्यक्रम में गोरखाराम बसेर, नत्थूराम, चिमनाराम, ईश्वर नेहरा, जगन ढाका, सहित गांव के गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह ने किया। विद्यालय परिवार ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन आज

पाटन (निसं)। वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान नीमकाथाना में आज 20 अगस्त को दोपहर 3:30 बजे तेजादशमी शोभायात्रा के प्रचार हेतु पोस्टर विमोचन कार्यक्रम होगा।

भाद्रपद एकादशी पर कच्ची बस्ती में भोजन कराया

चिड़ावा, (निसं)। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने भाद्रपद की एकादशी के पावन अवसर पर एक सराहनीय पहल की। ट्रस्ट के सदस्यों ने चिडावा रेलवे स्टेशन के पास स्थित कच्ची बस्ती में पहुंचकर गरीब और जरूरतमंदों को भोजन करवाया।

छोटे-छोटे बच्चों, बुजूर्गों और महिलाओं को स्वादिष्ट हलवा और सूशवा (छोले) परोसे गए। ट्रस्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्वयं बस्ती में पहुंचे और लोगों को सम्मानपूर्वक बिठाकर भोजन कराया। इस अवसर पर ट्रस्ट के जिला प्रभारी राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया ने बताया कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट पिछले छह सालों से शेखावाटी क्षेत्र में सक्रिय है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। ट्रस्ट पूरी निष्ठा से इस कार्य को कर रहा है। तहसील प्रभारी रजनीकांत मिश्रा ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य लक्ष्य योग शिक्षा और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है।

नाम परिवर्तन

मैं, आर्मी नं. 3004753M RANK- HAV. अमरजीत सिंह पुत्र रणवीर सिंह, गांव बीरान, तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का निवासी हूं, मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग पुत्री का वास्तविक नाम अर्पिता कंवर है और जन्म तिथि 12-06-2008 है, लेकिन गलती से मेरे सेना रिकॉर्ड में यह अर्पिता सिंह है और जन्मतिथि 06-05-2008 है, जो गलत है और इसे आर्मी रिकॉर्ड में सही दुरुस्त कर दर्ज किया जावे।

शपथ ग्रहिता - अमरजीत

भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ

चूरू (निसं)। स्थानीय सत्संग भवन में ढांढंण वाली दादी का टाबरिया परिवार चूरू की ओर से सोमवार को दादी आसी म्हारे आंगने भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दादी की दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना से मेहुल शर्मा ने गणेश जी आया रिद्धि-सिद्धि लाया, धोए-धोए आंगने में पधारो म्हारा दादीजी जेसे-भजनों की प्रस्तुतियों से किया। संजय सर्वा ने तेरे ढांढंण आता रहूं, मैया तू मुझको बुलाती रहे। कोलकाता के नवीन जोशी ने मैं रहूं ना रहूं इस दुनिया में तेरा कीर्तन हमेशा चलता रहे, गजरो लागे नो लखो हार, चुनड तो ओढ़ म्हारी दादी जैसे एक से बढ़कर एक भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित स्त्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक संजय बजाज ने बताया कि इससे पूर्व दादी का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य दरबार सजाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर ढांढंण चैरीटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी दिनेश बजाज, कोलकाता ढांढंण वेलफेयर सोसायटी के मोहन बजाज, सतीश बजाज, कोलकाता ढांढण महोत्सव के श्याम बजाज, संदीप बजाज, अमेरिका के मुकेश बजाज, लक्ष्मणगढ़ समिति के सदस्य, ढांढंण वाली दादी का टाबरिया परिवार चूरू व जेसराज बिहारी लाल बजाज परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर टाबरिया परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में दादी की महाआरती की गई। संस्थान के संजय बजाज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख सडक मार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स, ट्रॉमा सेंटर्स की स्थिति, अवैध कट्स सहित सड़क सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एडीएम रतन कुमार स्वामी ने पुलिस को आई-रेड सॉफ्टवेयर पर सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने और कोई पेंडेंसी नहीं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जीवन रक्षा योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले पात्र व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए सीएमएचओ कार्यालय को अनुशंसा करने को कहा। ओवरस्पीडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए चालान प्रक्रिया को और सख्त करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने नेशनल हाईवे और प्रमुख सड़क मार्गों पर इंटरसेप्टर वाहनों को एक स्थान पर स्थिर न रखकर अलग-अलग स्थानों पर तैनात करने की बात कही, ताकि सभी प्रकार के वाहनों, विशेष रूप से ओवरस्पीडिंग करने वाले बड़े और छोटे वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई सुनिश्चित हो। परिवहन विभाग और पुलिस को संयुक्त अभियान चलाकर ओवरस्पीडिंग पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी संचालित ट्रॉमा सेंटर्स का ऑडिट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अजीतगढ और खाटू श्याम जी में नए ट्रॉमा सेंटर्स की स्थापना के लिए रोड सेफ्टी फंड के तहत अनुशंसा करने की बात कही गई। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करने पर जोर दिया गया।

एडीएम रतन कुमार ने परिवहन विभाग को सभी टोल नाकों पर ड्राइवरों के स्वास्थ्य और आंखों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हर्ष मंदिर रोड पर साइनेज लगाने, शनिवार और रविवार को हर्ष पर्वत पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और पिपराली रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद करने के लिए उपखंड अधिकारी सीकर की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर 10 सितंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

एडीएम ने सड़क किनारे लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने, फतेहपुर बीड में बेसहारा जानवरों के गले में रिफ्लेक्टर लगाने, और सीकर शहर में टूटी सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गोकलपुरा से बगिया तिराहे तक अवैध कट्स को बंद करने की कार्रवाई को भी प्राथमिकता देने को कहा।

प्रारूप-10
(नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमांक :- 21 दिनांक : 14-08-2025

लोक सूचना

श्रीमती संतरा देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद, जाति माहगन, निवासी वार्ड नं0 1 पोस्ट ऑफिस के सामने, नीमकाथाना ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग औद्योगिक हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
जिला सीकर तहसील नीमकाथाना	राजस्व ग्राम कस्बा नीमकाथाना पटवार हल्का नीमकाथाना	2956/166	0.1622 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्यापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्यदिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14/8/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका नीमकाथाना

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/3246-47 दिनांक - 19/08/2025

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टे नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबध में आपति हो वह विज्ञापि प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारणीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. स.	पत्रावली	नाम आवेदक / नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आपति सूचना	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1.	669/13.08.25	अलीशेर पुत्र नजीर खान, जमीला बानो पत्नी अलीशेर, वार्ड नम्बर 21 मौहल्ला नरड़ीयान, कस्बा राजगढ़ (चूरू)	81.47 वर्गमीटर	भवन निर्माण स्वीकृति आवासीय

राकेश कुमार अरोड़ा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/434 दिनांक - 23/04/2025

आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टे नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबध में आपति हो वह विज्ञापि प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारणीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. स.	पत्रावली	नाम आवेदक / नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आपति सूचना	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1.	786/08.04.25	श्री सुमेर सिंह पुत्र जयलाल, वार्ड नम्बर 13, तारानगर रोड़ , कस्बा राजगढ़ (चूरू)	258.63 वर्गमीटर	पट्टा नामान्तरण आवासीय

राकेश कुमार अरोड़ा RMS
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

राजस्थान आवासन मण्डल

हमारा प्रयास, सबको आवास

667 आवास/फ्लैट्स की 5 नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ

श्री झाबर सिंह खर्रा

माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

के कर कमलों द्वारा

दिनांक: 20 अगस्त, 2025 | स्थान: आवास भवन, जयपुर

Flats At Dholpur, Phase III, Dholpur RAJ/P/2025/3996
Houses At Atru, Phase II, Baran RAJ/P/2025/3971
Houses At Nainwa Pocket A, Bundi RAJ/P/2025/4084
Houses At Nainwa, Pocket B, Bundi RAJ/P/2025/4058
Flats At Paneriyon Ki Madri , Phase I, Udaipur RAJ/P/2025/4065
Houses At Barmer RAJ/P/2025/4145

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

योजना का नाम	जिला	आय वर्ग	स्वतंत्र आवास की संख्या	अनुमानित लागत (लाखों में)
नैनवा आवासीय योजना (SRS) - पॉकेट-A	बूंदी	एमआईजी-ए	9	32.35
		एलआईजी	12	22.15
		ईडब्ल्यूएस	23	11.05
		घरोंदा	12	7.80
नैनवा आवासीय योजना (SRS) - पॉकेट-B		ईडब्ल्यूएस	16	11.05
अटरू आवासीय योजना (SRS)	बारां	एचआईजी	13	51.10
		एमआईजी-बी	6	42.00
		एमआईजी-ए	31	31.40
		एलआईजी	89	21.50
		घरोंदा	50	7.60
लंगेरा आवासीय योजना (SRS)	बाड़मेर	ईडब्ल्यूएस	80	8.61
		एलआईजी	120	16.30

योजना का नाम	जिला	आय वर्ग	फ्लेट्स की संख्या	अनुमानित लागत (लाखों में)
बाड़ी रोड (SRS)	धौलपुर	ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स	48	12.45 से शुरु
		एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स	16	19.20 से शुरु
पनेरियों की मादड़ी (SRS)	उदयपुर	ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स	80	11.68 से शुरु
		एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स	62	15.00 से शुरु

आवेदन अवधि 20 अगस्त से 20 सितम्बर, 2025

हेल